# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन नंबर 0141–2552796

प.1(16)(2)RSSB / संस्था / सफाईकर्मी / 2025 / 87 दिनांकः 13.02.2025

## खुली निविदा सूचना (38 / 2024–25)

बोर्ड कार्यालय में साफ सफाई संबंधी कार्य के लिए वार्षिक कार्य की दर संविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत केवल www.eproc.rajasthan.gov.in की ऑन लाईन के माध्यम से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड, निविदा खोलने की तिथि, निविदा शुल्क, बोली प्रतिभूति राशि जमा कराने की तिथि एवं निविदा की शर्ते इत्यादि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट http.sppp.raj.nic.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट https://rssb.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

नोट– 1. इच्छुक निविदादाताओं को बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नामांकित www.eproc.rajasthan.gov.in के पोर्टल के साथ पंजीकृत होना आवश्यक है एवं इसी वेबसाईट पर निविदा आनलाईन प्रस्तुत करनी होगी ।

12.2.25

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन नंबर 0141–2552796

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र नं. खुली निविदा (38/2024–25)<br>निविदा की अनुमानित राशिः 14.00 लाख<br>निविदा प्रपत्र का मूल्यः 1000 रूपये<br>निविदा प्रसंस्करण शुल्क : 500 रूपये<br>बोली प्रतिभूति राशिः 28000 रूपये | बिड़ प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथिः:– 13.02.20252<br>बिड़ जमा कराने की अंतिम तिथिः– 24.02.20252<br>समयः– अपरान्ह : 01.00 बजे तक<br>बिड खोलने जाने की तिथिः– 24.02.20252<br>समयः– अपरान्ह : 03.00 बजे तक |

## निविदा–प्रपत्र (तकनीकी बिड़)

## साफ–सफाई संबंधी कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर कार्यालय में बोर्ड कार्यालय में साफ सफाई संबंधी कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी निविदा :–

1. निविदादाता/फर्म का नाम व : ........................................................................................................
2. स्थाई पता : ........................................................................................................................
   ........................................................................................फोन/मो.नं. ........................................
3. निविदा सूचना सं. ........................................ निविदा की अनुमानित राशि रू. 14.00 लाख।
4. निविदा शुल्क राशि रू. 1000/– सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम पर जमा कराने का विवरण :
   e-Challan No............................................Bank Name............................Date......................
5. निविदा प्रसंस्करण शुल्क राशि₹500/– प्रबन्ध निदेशक, RISL, जयपुर के नाम पर का जमा कराने का विवरणः–
   e-Challan No............................................Bank Name............................Date......................
6. बोली प्रतिभूति राशि अनुमानित लागत राशि का 2 प्रतिशत 28,000/– रूपये का e-Challan **सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर** के नाम पर जमा कराने का विवरणः–
   e-Challan No............................................Bank Name............................Date...................
7. GST Registration Certificate की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
8. PAN CARD की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
9. **तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त पाये जाने पर ही निविदादाता की वित्तीय निविदा खोली जायेगी।**
10. फर्म के द्वारा ठेका श्रम विनियमन एवं उन्मूलन अधिनियम 1970 एवं श्रमिकों से संबंधित अन्य अधिनियमों/प्रावधानों की पालना की जावेगी। इस सम्बन्ध में राशि रू. 50/–नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प नोटरी से प्रमाणित अधिघोषणा प्रस्तुत की जावेगी।
11. निविदादाता/फर्म द्वारा निम्नलिखित पंजीकरण का विवरण निर्धारित कॉलम्स में प्रस्तुत किया जावेगा तथा पंजीकरण प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित प्रति बोली दस्तावेजों के साथ लगानी होगीः–

| क्र. सं. | विवरण | रजि.सं. | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 | | | | |
| 2. | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 | | | | |
| 3. | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 | | | | |
| 4. | वस्तु एवं सेवाकर (G.S.T.) | | | | |
| 5. | आयकर (पैन नंबर) | | | | |
| 6 | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम 1958<br>या<br>इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत्<br>या<br>इण्डियन कंपनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत् | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | बालक और कुमार श्रम प्रतिशोध और विनियमन अधिनियम -1986 संशोधित अधिनियम 2018 (शपथ पत्र 50/- रू के स्टाम्प पेपर पर) एनेक्सर-जी अनुसार | | | | |

12. **ई-ग्रास द्वारा चालान बनाये जाने हेतु विस्तृत प्रक्रियाः-**

1. अमानत राशि निविदा प्रपत्र में सम्बन्धित सुरक्षा सेवा के सामने दर्शायी गयी अनुमानित राशि की 02 प्रतिशत होगी, जो कि वित्त विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र क्रमांक प. 6(5)वित्त/साविलेनि/2018/जयपुर दिनांक 27.04.2020 एवं दिनांक 09.07.2020 के अनुसरण में ऑनलाईन ई-ग्रास पद्धति से जमा करायी जायेगी तथा इसके अतिरिक्त बोली दस्तावेज मूल्य एवं RISL का प्रोसेसिंग शुल्क भी ऑनलाईन ई-ग्रास पद्धति से देय होगा। जिसकी ई-भुगतान रसीद/ई-ग्रास चालान से राशि जमा की प्रति ऑनलाईन ई-निविदा भरते समय अपलोड करनी अनिवार्य होगी।
2. लोक उपापन प्रक्रिया में पारदर्शिता स्थापित करने के उद्देश्य से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर ई-निविदाओं के प्रेषण के लिए एक ही चालान से ऑनलाईन ई-ग्रास सिस्टम के माध्यम से बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) बजट मद 8443-00-103-00-00 में, बोली दस्तावेज मूल्य (निविदा शुल्क) बजट मद 0075-00-800-(52)-{01} में एवं ई-प्रोसेसिंग शुल्क (RISL) बजट मद 8658-00-102-(16)-{01} के अन्तर्गत राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से जमा की जायेगी।
3. बिडर का ई-ग्रास पर लॉगिन पहले से नहीं बना हो तो सर्वप्रथम बिडर को ई-ग्रास पोर्टल पर New User Sign Up से लॉगिन फॉर्म भरना है।
4. Login ID Password प्राप्त करने के पश्चात ई-ग्रास पोर्टल पर Sign In करें।
5. चालान जमा करवाने हेतु Service Challan का ऑप्शन चयन करें।
6. Department (Rajasthan Sub-ordinate & Ministerial Service Selector Board हेतु विभागीय कोड 223 एवं ऑफिस Rajasthan Staff Selection Board आई.डी.-32297) का चयन करें।
7. चालान फॉर्म में Period के Option में onetime option का चयन करें।
8. Payment Mode में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों ऑप्शन उपलब्ध हैं। ऑनलाईन मोड चयन करने पर संबंधित बैंक की वेबसाईट पर रीडायरेक्ट कर दिया जायेगा। ऑफलाईन भुगतान करने की स्थिति में जिस बैंक का विकल्प चुना है, उसकी संबंधित बैंक में चालान/कैश जमा कराना होगा। विस्तृत प्रक्रिया ई-ग्रास पोर्टल (egras.rajasthan.gov.in) पर User Mannual में उपलब्ध है। किसी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए ई-ग्रास हेल्प डेस्क नंबर 0141-2744294 पर सम्पर्क किया जा सकता है। वर्तमान में चालान द्वारा ही भुगतान किया जाना है।
9. निविदा शुल्क/अमानत राशि/RISL प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन अपलोड किये जाने के पश्चात राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर में Hard Copy जमा कराने की आवश्यकता नहीं है। केवल ऑनलाईन ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर अपलोड दस्तावेज ही मान्य होंगे। ऑनलाईन टेण्डरिंग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए ई-प्रोक्योरमेंट हेल्प डेस्क 0141-4022688, 0120-4711-508, 0120-4001-002 पर सम्पर्क करें।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया | 1. निविदा प्रपत्र शुल्क - 0075-00-800-(52)-{01}<br>2. अमानत राशि/प्रतिभूति जमा - 8443-00-103-00-00<br>3. प्रोसेसिंग शुल्क - 8658-00-102-(16)-{01} (सिविल विभाग)<br>विभागीय कोड - 223<br>ऑफिस आई.डी. - 32297<br>कार्यालय - राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर |

13. निविदादाता / फर्म द्वारा गत 02 वर्षो में केन्द्र / राज्य के राजकीय विभाग / उपक्रम / स्वायत्त संस्थाएं / अथोरिटी परियोजनाएं / बोर्ड / समिति / आयोग / शिक्षण संस्था / बैंकों में **साफ सफाई सम्बन्धी कार्यानुभव का प्रमाण पत्र** होना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में कार्यानुभव प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें अथवा कार्यादेश की प्रति के साथ कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी।
14. निविदादाता / फर्म द्वारा गत् 2 वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट्स की सीए से प्रमाणित प्रति एवं आयकर विभाग में प्रस्तुत रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
15. फर्म का गत दो वर्ष का वार्षिक टर्न ओवर जो कि प्रतिवर्ष 07 लाख रूपये से कम न हों एवं सीए से प्रमाणित धनात्मक NET WORTH की प्रति।
16. निविदा में कार्य अनुभव निम्नलिखित विवरणानुसार निर्धारित कॉलम में अंकन करना होगा :–

| क सं. | विभाग / संस्थान का नाम | कार्य की अवधि | कार्य की लागत |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

मैने / हमने सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा जारी की गई निविदा सूचना ...... में वर्णित एवं निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त शर्तो को स्वीकार करने के साक्ष्य के रूप में हस्ताक्षर किये है, जिन्हें मैं / हम मानने के लिए बाध्य हूँ / हैं।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

## निविदादाता द्वारा की जाने वाली घोषणा

यदि मेरे / हमारे द्वारा दिये गये उक्त तथ्य गलत पाये गये तो बोर्ड प्रशासन को बिना किसी पत्र / नोटिस के मेरी / हमारी बोली प्रतिभूति राशि जब्त करने एवं उक्त निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सचिव राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को प्रदत्त करता हूँ / करते है।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

नाम

पत्र व्यवहार का पता ................................

..........................................................................

..........................................................................

मोबाईल नं.

## निविदा की शर्तें एवं नियम

निविदादाता इन शर्तों को सावधानी पूर्वक पढें एवं अपनी निविदायें प्रस्तुत करते समय इनकी पूर्ण रूप से पालना करनी होगीः–

A. **निविदादाता की पात्रता के मापदण्ड (Eligibilty Criteria) जो अनिवार्य है एवं जिनके अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी :–**

1. निविदादाता को निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रसंस्करण शुल्क एवं निर्धारित बिड़ प्रतिभूति राशि ऑनलाईन ई–ग्रास पद्धति से जमा करायी जायेगी जो सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम देय हो। निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रसंस्करण शुल्क एवं बिड़ प्रतिभूति राशि के अभाव में निविदा स्वीकार योग्य नहीं होगी।
2. RTPP ACT 2012 Section 2(13) के अनुसार "उपापन या लोक उपापन" से किसी उपापन संस्था द्वारा चाहे प्रत्यक्षः या किसी अभिकरण, जिसके साथ उपापन सेवाओं के लिए कोई संविदा की गयी है, के माध्यम से लोक निजी भागीदारी परियोजनाओं के अधिनिर्णय सहित संकर्म, माल या सेवाओं के क्रय, पटटे, अनुज्ञप्ति या अन्यथा द्वारा अर्जन अभिप्रेत हैं, किन्तु इसमें प्रतिफल के बिना अर्जन सम्मिलित नहीं है, और उपाप्त करना या उपाप्त का अर्थान्वयन तद्नुसार किया जायेगा।

B. **निविदादाता की पात्रता के मापदण्ड (Eligibilty Criteria) की आवश्यक शर्तें :–**

1. निविदादाता/फर्म राजस्थान में राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत पंजीकृत होनी चाहिये तथा निविदा प्रपत्र के साथ पंजीयन प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी आवश्यक है। पंजीकृत नही होने पर स्वघोषणा (शपथ पत्र 50/– रू के स्टाम्प पेपर पर)।
2. निविदादाता/फर्म श्रम विभाग में एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट, 1932 या इण्डियन कंपनी एक्ट, 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत होनी चाहिये तथा निविदा प्रपत्र के साथ पंजीयन प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी आवश्यक है।
3. निविदादाता/फर्म कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 (ई.पी.एफ.) एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (ई.एस.आई.) पंजीकृत होनी चाहिये तथा निविदा प्रपत्र के साथ ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. पंजीयन प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी आवश्यक है।
4. निविदादाता/फर्म द्वारा गत 02 वर्षो में केन्द्र/राज्य के राजकीय विभाग/उपक्रम/स्वायत्त संस्थाएं/अथोरिटी परियोजनाएं/बोर्ड/समिति/आयोग/शिक्षण संस्था/बैंकों में **साफ सफाई सम्बन्धी कार्यानुभव का प्रमाण पत्र** होना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में कार्यानुभव प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें अथवा कार्यादेश की प्रति के साथ कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी।
5. निविदादाता/फर्म द्वारा गत् 2 वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट्स की सीए से प्रमाणित प्रति एवं आयकर विभाग में प्रस्तुत रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
6. निविदादाता को निविदा के साथ पेन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
7. फर्म का गत दो वर्ष का वार्षिक टर्न ओवर जो कि प्रतिवर्ष 07 लाख रूपये से कम न हों एवं सीए से प्रमाणित धनात्मक NET WORTH की प्रति।
8. GST Registration Certificate की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
9. बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 संशोधित अधिनियम, 2016 तथा उक्त अधिनियम के तहत राजस्थान बाल श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधन नियम, 2018 के प्रावधानानुसार बाल श्रमिकों का नियोजन प्रतिबंधित करते हुए इसका उल्लघन दंडनीय अपराध निर्धारित किया गया है। अतः इसकी पालना सुनिश्चिता की जानी आवश्यक है। निर्धारित प्रारूप एनेक्सर–जी में। (शपथ पत्र 50/– रू के स्टाम्प पेपर पर)
10. उपरोक्त पात्रता पूरी करने वाले निविदादाता ही बिड (Technically Responsive) में योग्य माने जावेंगे।

11. निविदादाता की वित्तीय नेटवर्थ धनात्मक होनी आवश्यक है। इस संबंध में सीए द्वारा सत्यापित दस्तावेज बोली प्रपत्र के साथ संलग्न करने होंगे।

C. **दस्तावेज प्रस्तुत करने का तरीका :**

1. बोर्ड कार्यालय में साफ सफाई संबंधी कार्य हेतु बोलीदाताओं को वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहिए। निविदा प्रथम भाग में तकनीकी निविदा प्रस्ताव एवं द्वितीय भाग वित्तीय निविदा प्रस्ताव होगें।
2. पूरा बोली दस्तावेज डाउनलोड करने के प्रयोजन के लिए वेबसाइटों http://rssb.rajasthan.gov.in http.sppp.raj.nic.in और http://eproc.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। बोली प्रतिभूति राशि रू. 28,000/–, निविदा प्रपत्र शुल्क रू.1000/–, निविदा प्रसंस्करण शुल्क की राशि रू.500/– ई–ग्रास द्वारा चालान के माध्यम से प्रस्तुत करना आवश्यक है।
3. बोली दस्तावेज (तकनीकी और वित्तीय बोली) सहित सभी संचार/पत्राचार बोलीदाता के नामित अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर और मुहर लगाई जानी चाहिए।
4. तकनीकी बोली निविदा सूचना में और बोली लगाने के नामित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा सूचना में अंकित दिनांक के अनुसार खोला जाएगा। तकनीकी मूल्यांकन प्रक्रिया की योग्यता प्राप्त बोलियों पर ही वित्तीय निविदा के मूल्यांकन के लिए आगे विचार किया जाएगा। वित्तीय बोली हेतु सभी तकनीकी रूप से योग्य बोली लगाने वालों को बाद में सूचित किया जाएगा जो अलग तारीख और समय पर तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं/नामित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी।
5. बोलीदाताओं को बोली प्रतिभूति राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क, और ई–टेंडर प्रक्रिया शुल्क राशि के डिमांड ड्राफ्ट या बैंकर चैक एवं ई–निविदा प्रपत्र (केवल तकनीकी निविदा) की हार्डकॉपी स्वीकार नहीं की जायेगी।
6. तकनीकी बिड़ के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की फोटो प्रतियां लगानी होंगी :
   - **a.** अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रति।
   - **b.** पेन–कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति।
   - **c.** मूल निविदा प्रपत्र एवं शर्तें जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता के फर्म की मोहर सहित हस्ताक्षर अंकित हो।
   - **d.** राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970, राजस्थान दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट, 1932 या इण्डियन कंपनी एक्ट, 1956, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 (ई.पी.एफ.) एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (ई.एस.आई.) के नवीनतम पंजीयन प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां।
   - **e.** निविदादाता के कार्यालय के स्थाई पते के संबंध में नोटेरी पब्लिक/राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित दस्तावेज।
   - **f.** GST Registration Certificate की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। संबंधित कार्य के लिए Registration GST Certificate ही प्रस्तुत करे।
   - **g.** उक्त सभी दस्तावेजों पर निविदादाता द्वारा स्पष्ट हस्ताक्षर (मय नाम) किये जावेंगे एवं मोहर लगानी होगी।
   - **h.** टर्न ओवर की प्रमाणित प्रति।
7. निविदादाता को वित्तीय बिड़ (एनेक्सर–एच) होगी, जिसमें निविदादाता को अपनी सामग्री की राशि, उपकरण किराया एवं सेवा प्रदाता का सर्विस चार्ज राशि में स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। वित्तीय निविदा भरने से पूर्व निविदादाता द्वारा निम्न बिन्दुओं पर विचार करना होगा:
   - **a.** कर्मकारों का न्यूनतम मानदेय जो कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।
   - **b.** कर्मकारों का नियोक्ता द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 (ई.पी.एफ.)/कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (ई.एस.आई.) अंशदान।
   - **c.** वस्तु एवं सेवा कर (G.S.T.)
   - **d.** सर्विस चार्ज।

e. सर्विस चार्ज में शून्य एवं नकारात्मक दरें स्वीकार नहीं की जायेगी एवं ऐसी बोलयां निरस्त कर दी जायेंगी।

f. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि मंजूरी के लिए सिफारिश किया गया प्रस्ताव उपाप्त किये जाने वाले अपेक्षित माल, संकर्मो या सेवा की प्रचलित बाजार दरों को देखते हुए उचित हो।

g. अपूर्ण/अस्पष्ट रूप से भरी हुई निविदा एवं सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

8. वित्तीय बोली के उपरांत यदि एक से अधिक निविदादाता की एक समान दरें प्राप्त होने पर अधिकतम वर्षों के कार्यानुभव एवं अधिकतम टर्नओवर वाले निविदादाता को कार्यानुभव प्रमाण पत्र एवं टर्नओवर की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने के आधार पर प्राथमिकता दी जायेगी जिसकी गणना निम्न तालिकानुसार की जायेगी:–

| क्र सं. | अंको का आधार | टंक |
|---|---|---|
| 01. | 02 वर्ष से अधिक के कार्यानुभव में प्रतिवर्ष के अनुभव पर अंक<br>(अधिकतम अतिरिक्त वर्ष 10 व अधिकतम अंक 10) | 01 |
| 02. | 07 लाख रूपये से अधिक के टर्नओवर में प्रति एक लाख रूपये के अनुभव पर अंक<br>(अधिकतम अतिरिक्त टर्नओवर 07 लाख रूपये व अधिकतम अंक 07) | 01 |
| | नोट :– अधिकतम अंक – 17 | |

## D. कार्य संबंधित विवरण एवं शर्तें : (Scope of Work)

1. ठेकेदार को सफाई के लिये फलोर क्लीनिंग मशीन, वेट एण्ड ड्राई स्कबर, कॉमर्शियल वैक्यूम क्लीनर एवं ब्लोवर, इन्सेक्टीसाइड स्प्रे मशीन तथा हाईप्रेशर टॉयलेट क्लिनिंग मशीन जैसे उपकरणों का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना होगा। **सफाई के लिये मशीनों की सूची निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। निविदादाता को कार्य दक्षता एवं यंत्रों के संचालन हेतु बुलाये जाने पर समस्त सफाई यंत्रों सहित प्रदर्शन करना होगा। तथा निविदा उपरान्त सफल निविदादाता को उक्त यंत्रों का कार्यालय में 3 दिवस के भीतर संचालन किया जाना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने पर उक्त निविदादाता की निविदा निरस्त कर दी जावेगी एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति जब्त कर ली जावेगी।**
2. बोर्ड़ भवन के दोनों तलों के सम्पूर्ण गलियारों (Corridors) की प्रतिदिन दिन में तीन बार सफाई करनी होगी, पौछा लगाना होगा। पान के दाग टाइल्स/संगमरमर साफ करने होंगे तथा जाले हटाने होंगे इत्यादि।
3. **बोर्ड़ भवन के दोनों तलों के समस्त कमरों की सफाई कार्यालय समय से पूर्व 9.00 बजे तक करनी होगी। 9.00 बजे पश्चात् सफाई करने पर 500रू प्रतिदिन की शास्ति लगाई जावेगी।**
4. **बोर्ड भवन के समस्त दरवाजें, फर्श, खिडकिया, पंखे, पर्दे/ब्लाइन्डस, फर्नीचर इत्यादि की नियमित रूप से प्रतिदिन सफाई करनी होगी।**
5. उक्त बिन्दुओं के क्षेत्र में चूहों पर नियंत्रण (Pest Control) की समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। इस हेतु निविदादाता/फर्म को चूहों के नियंत्रण रोक के लिये काम आने वाले उपकरण/सुरक्षित केमिकल्स का उपयोग अपने स्तर से करना होगा। जिस पर होने वाला समस्त व्यय की राशि निविदादाता द्वारा वहन की जावेगी। चूहे होने की शिकायत प्राप्त होने पर 300/– रू. प्रति शिकायत की शास्ति लगाई जायेगी।
6. बोर्ड़ भवन के दोनों तलों के समस्त शौचालयों एवं वॉशवेसिन (सिंक) की सफाई एवं धुलाई फिनायल से दिन में प्रत्येक दो घण्टे पश्चात् करवानी होगी तथा उनमें फिनायल की गोलियां प्रतिदिन रखवाना अनिवार्य होगी। समय–समय पर ठेकेदार को ऑडोनिल की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करनी होगी तथा प्रशासन द्वारा निर्देशित स्थानों पर सुगंधित द्रव्यों का इस्तेमाल भी करना होगा। साथ ही प्रत्येक टॉयलेट में 2 तरल साबुन युक्त डिस्पेंसर अनिवार्य रूप से रखने होंगे।
7. जैट क्लीनिंग मशीन से प्रत्येक शौचालय की सफाई सप्ताह में तीन बार, सीढियों की सफाई सप्ताह में तीन बार व प्रत्येक कमरे की धुलाई सप्ताह में 2 बार अनिवार्य रूप से करनी होगी।

8. **ठेकेदार/फर्म को समस्त सफाईकर्मी, सफाई सामग्री एवं सफाई कार्य में प्रयुक्त होने वाला सामान, उपकरणों की व्यवस्था एवं इनका रख–रखाव स्वयं के स्तर से करना होगा, जिसकी बोर्ड प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी एवं इन पर होने वाला समस्त व्यय ठेकेदार स्वयं के स्तर पर वहन करेगा। बोर्ड प्रशासन द्वारा अनुमोदित दरों के अलावा अन्य किसी प्रकार का भुगतान ठेकेदार को नहीं किया जावेगा।**
9. बोर्ड भवन के परिसर की सफाई के कुल 64 सफाई बिन्दु निर्धारित किये गये हैं, जिनकी सूची अनेक्चर 'ई' पर संलग्न है। इन सफाई बिन्दुओं पर सफाई कार्य का निरीक्षण राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के अधिकारी द्वारा किसी भी समय किया जा सकता है।
10. **भवन के सामने एवं साईड़ में स्थित लॉन एवं कोरीडोर के पेड़ो की सफाईएवं देखभाल।**
11. सफाई से एकत्रित कचरे को पास ही स्थित किसी भी कचरा डिपो पर स्वयं की कचरा गाड़ी के द्वारा पहुंचाने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
12. सफाई व्यवस्था हेतु आई.एस.ओ. (I.S.O. Certified) फर्म को प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।
13. ठेकेदार/निविदादाता को बोर्ड कार्यालय का कचरा उठवाकर कचरा डिपो तक पहुंचाना होगा। इस कार्य का रजिस्टर भी संधारित करना होगा जिसकी जांच बोर्ड प्रशासन द्वारा समय – समय पर की जावेगी।
14. कचरा उठवाने के लिये पृथक कचरा गाड़ी की व्यवस्था ठेकेदार/निविदादाता को स्वयं को करनी होगी।
15. यदि कचरा ले जाते समय कचरा बोर्ड परिसर में गिरता है तो प्रत्येक शिकायत पर रूपये 200/– प्रति शिकायत के अनुसार गणना करते कुल राशि की कटौती बिल की राशि में काट ली जावेगी।
16. उपरोक्त में से किसी भी शर्त के उल्लंघन करने पर समुचित शास्ति आरोपित करने का अधिकार बोर्ड प्रशासन को होगा तथा पुनरावृत्ति करने तथा शर्तों के निरन्तर उल्लंघन की स्थिति में ठेका निरस्त करने एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि को जब्त करने का पूर्ण अधिकार बोर्ड सचिव को होगा।

E. **सामान्य नियम एवं शर्तें :**

1. अनुबंध पूर्णतया सर्विस/जॉब बैसिस पर होगा।
2. अनुबंध की अवधि एक साल तक या राज्य सरकार द्वारा स्थाई भर्ती होने तक जो भी पहले हो, तक रहेगी। अनुबंधित फर्म का कार्य संतोषजनक होने की स्थिति में दोनों पक्षों की सहमति से अनुबंध की अवधि RTPP Act 2012 व RTPP Rules 2013 के नियमानुसार आगे बढ़ाई जा सकती है।
3. अनुबंधित फर्म के द्वारा प्रशासन के सहयोग से कार्य शुरू करने से पूर्व एवं समय–समय पर तथा अनुबंध की अवधि के दौरान कर्मकारों को कार्य के बारे में विस्तृत रूप से बताना, उचित सद्व्यवहार एवं कार्य करने हेतु कार्य का प्रशिक्षण देना होगा।
4. **बोली प्रतिभूतिः**

(अ) खुली प्रतियोगी बोली, दर संविदा के मामले में बोली प्रतिभूति बोली के लिये प्रस्तुत उपापन की विषय वस्तु के प्राक्कलित मूल्य का 2 प्रतिशत होगी या जैसा राज्य सरकार विनिर्दिष्ट करे। राजस्थान के लघु उद्योगों की दशा में यह प्रदाय के लिये प्रदत्त मात्रा का 0.5% होगी और लघु उद्योगों से भिन्न रूग्ण उद्योगों की दशा में जिनके मामले औद्योगिकी एवं वित्त पुनर्निर्माण बोर्ड के समक्ष लम्बित है, यह बोली के मूल्य का 1 प्रतिशत होगी। राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्रीकृत बोली लगाने वाले प्रत्येक बोली लगाने वाले से, यदि छूट प्राप्त नहीं हो तो बोली आमंत्रित करने वाली सूचना में यथा–विनिर्दिष्ट बोली प्रतिभूति देने की अपेक्षा की जायेगी।

(ब) बोली लगाने वाले से ली गयी बोली प्रतिभूति निम्नलिखित मामलों में समपद्धत कर ली जायेगी।

I जब बोली लगाले वाला प्रदाय/संकर्म आदेश देने के पश्चात् विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर करार, यदि कोई हो तो, का निष्पादन नहीं करता है।

II जब निविदा में सफल होने पर बोली लगाने वाला विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर कार्य संपादन प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है।

III जब बोली लगाने वाला बोली खुलने के पश्चात् अपनी बोली समपहृत (withdraw) या उपान्तरित (modify) करता है।

IV यदि बोली लगाने वाला राजस्थान लोक उपापन के पारदर्शिता अधिनियम/नियम का उल्लंघन करता है।

5. (अ) **करार एवं कार्य संपादन प्रतिभूति (Agreement and Performance Security) :–**

1. सफल निविदादाता को आदेश के प्राप्त होने से 15 दिन की अवधि के भीतर प्रारूप 17 में उसके खर्चे पर विनिर्दिष्ट मूल्य के न्यायिकेतर स्टाम्प पर एक करार पत्र निष्पादित करना होगा तथा जिन सामानों (स्टोर्स) के लिये निविंदायें स्वीकार की गयी हैं, उनके मूल्य के 5 प्रतिशत के बराबर कार्य संपादन प्रतिभूति राशि जमा करानी होगी।
2. कार्य सम्पादन प्रतिभूति की अभ्यर्थना राज्य सरकार के विभागों और ऐसे उपक्रमों, निगमों, स्वायत्त निकायों, रजिस्ट्रीकृत सोसाइटियों, सहकारी सोसाइटियों जो राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण या प्रबंध में हों और केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों के सिवाय समस्त प्रतिभूति घोषणा ली जायेगी। राज्य सरकार किसी विशिष्ट उपापन या उपापन के किसी प्रवर्ग के मामले में कार्य सम्पादन प्रतिभूति के उपबंध को शिथिल कर सकेगी।
3. कार्य सम्पादन प्रतिभूति की रकम प्रदाय आदेश की रकम की 5 प्रतिशत होगी। राजस्थान के लघु उद्योगों के मामले में माल के प्रदाय के लिये आदिष्ट परिमाण की रकम की 1 प्रतिशत होगी और लघु उद्योगों से भिन्न रूग्ण उद्योगों, जिनके मामले औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड के समझ लंबित है, के मामले में यह प्रदाय आदेश की रकम का 02 प्रतिशत होगी।
4. कार्य सम्पादन प्रतिभूति निम्नलिखित प्रारूपों में से किसी एक में प्रस्तुत की जायेगी:
   A. "ई. जी. आर. ए. एस. (eGRAS) के माध्यम से जमा"
   B. किसी अनुसूचित बैंक का बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक,
   C. राष्ट्रीय बचत पत्र और राजस्थान में किसी डाकघर द्वारा अल्प बचत के प्रोन्नयन के लिये राष्ट्रीय बचत स्कीमों के अधीन जारी कोई अन्य स्क्रिप्ट/लिखत, यदि वह सुसंगत नियमों के अधीन बंधक रखी जा सकती हो। बोली के समय वे उनके समर्पण मूल्य पर स्वीकार की जायेंगी और मुख्य डाकपाल के अनुमोदन से औपचारिक रूप से उपापन संस्था के नाम अंतरित की जायेंगी।
   D. किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी/गारंटियां। यह जारी करने वाले बैंक से सत्यापित करायी जायेगी। बैंक गारंटी से संबंधित अन्य शर्तें बोली प्रतिभूति के लिये नियम 42 में वर्णित के समान होंगी।
   E. किसी अनुसूचित बैंक की नियत जमा रसीद (एफडीआर)। यह बोली लगाने वाले के खाते उपापन संस्था के नाम होगी और बोली लगाने वाले द्वारा अग्रिम रूप से उन्मोचित की जायेगी। उपापन संस्था नियत जमा रसीद को स्वीकार करने के पूर्व यह सुनिश्चित करेगी कि बोली लगाने वाला बैंक की ओर से उपापन संस्था को संबंधित बोली लगाने वाले की सहमति की अपेक्षा के बिना, नियत जमा रसीद का मांग पर संदाय/समयपूर्व संदाय करने का वचन देता है। कार्य सम्पादन प्रतिभूति के समपहरण की दशा में नियत जमा ऐसी नियत जमा पर अर्जित ब्याज के साथ समपहृत कर ली जायेगी।
5. कार्य सम्पादन प्रतिभूति, वारंटी बाध्याताओं और रखरखाव और दोष दायित्व कालावधि को सम्मिलित करते हुये बोली लगाने वाले की समस्त संविदाजात बाध्यताओं के पूरा होने की तारीख से परे साठ दिनों की कालावधि के लिये विधिमान्य (valid) रहेगी। इस कार्यालय द्वारा प्रतिभूति राशि पर फर्म को कोई ब्याज नहीं दिया जावेगा।

**(ब) प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण :–** प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में समपहृत किया जा सकेगा :–

A. जब संविदा के किन्हीं निबंधनों और शर्तों का उल्लंघन किया गया हो।
B. जब निविदादाता सम्पूर्ण प्रदाय संतोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।
C. प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत करने के मामले मे युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जायेगा। इस संबंध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

6. जॉब बैसिस कार्य बिन्दुओं की संख्या कम या अधिक किये जाने का पूर्ण अधिकार सचिव को होगा।
7. अनुबंधित फर्म को निर्धारित राशि के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर 15 दिवस की अवधि में अनुबंध प्रस्तुत करना होगा, जिसका समस्त व्यय अनुबंधित फर्म द्वारा वहन किया जावेगा।
8. कार्यालय/ट्रेजरी के द्वारा किसी भी कारण से देरी से बिल पास होने पर, देरी से भुगतान प्राप्त होने पर अनुबंधित फर्म किसी भी प्रकार का क्लेम बोर्ड प्रशासन से नहीं करेगा।
9. अनुबंधित फर्म द्वारा प्रस्तुत बिल प्रमाणीकरण संबंधित प्रभारी/नियंत्रक से प्रमाणित करवाकर प्रस्तुत करना होगा एवं बिल के साथ समस्त शाखा प्रभारियों से सफाई संबंधी प्रमाण–पत्र लेकर संलग्न करना होगा।

10. जितने बिन्दुओं पर जॉब कार्य नहीं होगा, उन बिन्दुओं की बिल में से आनुपातिक कटौती कर भुगतान उतने ही बिन्दुओं का किया जावेगा, जितने बिन्दुओं पर जॉब कार्य किया गया होगा।
11. निविदा स्वीकृति/अनुमोदित आदेश के उपरान्त ठेका श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम–1970 की धारा की उप–धारा (2) तथा उसके अधीन बनाये गये राजस्थान ठेका श्रमिक नियम, 1971 के अन्तर्गत् वांछित अनुज्ञप्ति/लाईसेन्स प्रस्तुत करने के उपरान्त ही कार्यादेश जारी किया जायेगा।
12. **(अ) किसी भी जॉब बेसिस कार्य बिन्दु पर कार्य न होने या आंशिक कार्य होने की स्थिति में उस बिन्दु की बनने वाली पूर्ण राशि की कटौती अनुबंधित फर्म के बिल में से की जावेगी।**

    **(ब) किसी भी जॉब बैसिस कार्य बिन्दु पर कार्य नहीं करवाये जाने पर 100 रूपये प्रतिदिन प्रतिबिन्दु की शास्ति बोर्ड द्वारा लगाई जा सकती है।**

    **(स) किसी भी जॉब बेसिस कार्य बिन्दु पर कार्य होने पर भी कार्य असंतोषप्रद पाये जाने पर 50/– रू प्रतिदिन की पेनल्टी वसूली जायेगी।**
13. कर्मकारों को बोर्ड प्रशासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदेय का भुगतान करने तथा उनके पी.एफ. व ई. एस.आई. का अंशदान संबंधित विभागों में जमा कराने की पूर्ण जिम्मेदारी अनुबंधित फर्म की होगी।
14. प्रत्येक माह ई.एस.आई./ई.पी.एफ. का मासिक ई.सी.आर. फर्म अपने सुपरवाईजर के पास कर्मकारों की जानकारी हेतु उपलब्ध करायेगी। बोर्ड के नोटिस बोर्ड पर एक प्रति प्रत्येक माह लगानी होगी तथा अनुबंध समाप्त होने के एक माह में कुल ई.एस.आई./ई.पी.एफ. जमा का विवरण प्रत्येक कर्मकार को अनुबंधित फर्म द्वारा उपलब्ध करना होगा।
15. बिल के साथ संलग्न पी.एफ./ई.एस.आई. के चालान की प्रति पर यह अंकित करें "प्रमाणित किया जाता है कि ...............राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के आदेश क्रमांक ...................... दिनांक ....................... के क्रम में जॉब बैसिस पर माह .......... की अवधि में .......................... राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर ..........................में ...................... संबंधी कार्य/सर्विसेज हेतु नियोजित किये गये कर्मकारों/श्रमिकों के पी.एफ./ई.एस.आई. की राशि ...................... जो कि इस चालान की राशि ............. में सम्मिलित है, संबंधित विभाग में जमा करा दी गई है।"
16. बिल के साथ संलग्न G.S.T. के चालान की प्रति पर यह अंकित करें "प्रमाणित किया जाता है कि ........ ........... राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के आदेश क्रमांक ...................... दिनांक ......................... के क्रम में जॉब बैसिस पर माह ............... की अवधि में .......................... राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर .......................... में करवाये गये ....................संबंधी कार्य/सर्विसेज की ऐवज में G.S.T. की राशि ..........जो कि इस चालान की राशि.............. में सम्मिलित है, संबंधित विभाग में जमा करा दी गई है।"
17. समय–समय पर श्रम विभाग, जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना उक्त निविदा का हिस्सा/पार्ट रहेगी/होगी।
18. निविदा में वर्णित कार्य संबंधित विवरण (Scope of work) में उल्लेखित समान प्रकृति के कार्य का अनुभव होना आवश्यक है।
19. कर्मकारों को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदेय देना होगा।
20. बिल एवं बिल के साथ समस्त संलग्नकों पर अनुबंधित फर्म या उसके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के ही हस्ताक्षर मय नाम एवं मोहर अंकित होना आवश्यक है। बिल पर अनुबंधित फर्म या उसके अधिकृत प्रतिनिधि के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के हस्ताक्षर होने पर बिल पर कार्यवाही किया जाना संभव नहीं होगा। विलम्ब के लिये फर्म स्वयं जिम्मेदार होगी।
21. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व निविदादाता का होगा।
22. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (श्रमिक एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत निविदादाता ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रूप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ संबंधित उपापन संस्था को प्रस्तुत की जायेगी।
23. निविदादाता द्वारा नियोजित श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातों में ही किया जायेगा। संबंधित निविदादाता द्वारा नियोजित श्रमिकों के बैंक खाते में जमा कराई गई राशि का विवरण संबंधित उपापन संस्था को आगामी माह के मासिक बिल के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जायेगा। श्रमिकों के बैंक खातों में जमा कराई गई राशि के विवरण बाबत उपापन संस्था की संतुष्टि होने पर ही निविदादाता को आगामी माह के बिल का भुगतान किया जायेगा।

24. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार श्रमिकों को मजदूरी के भुगतान करने का दायित्व संबंधित निविदादाता का होगा।
25. श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए संविदा अवधि के दौरान न्यूनतम मजदूरी दर में श्रम विभाग की अधिसूचना से समय–समय पर वृद्धि होने पर बोर्ड द्वारा निविदादाता को बढी हुई न्यूनतम मजदूरी की सीमा तक अंतर राशि का भुगतान किया जा सकेगा।
26. निविदादाता को राज्य/केन्द्र सरकार की नवीनतम दरों के अनुसार अपने समस्त श्रमिकों का नियमानुसार ई.पी.एफ एवं ई.एस.आई जमा कराना होगा, जिसमें नियोजित श्रमिकों की मजदूरी राशि से कटौती और निविदादाता का अंशदान शामिल होगा। निविदादाता द्वारा अपने आगामी माह के बिल के साथ गत माह के पेटे श्रमिकों के ई.पी.एफ एवं ई.एस.आई के अंशदान की राशि नियमानुसार जमा कराये जाने की पुष्टि में संबंधित चालान की प्रति प्रस्तुत किये जाने पर ही निविदादाता को आगामी माह के बिल/बिलों का भुगतान किया जायेगा।
27. राज्य में लागू श्रम नियमों के अन्तर्गत अपने समस्त श्रमिकों को नियमानुसार ई.पी.एफ एवं ई.एस.आई की राशि जमा कराने का दायित्व निविदादाता का होगा।
28. निविदादाता द्वारा श्रमिकों को देय राशि पर वस्तु एवं सेवाकर (GST) की राशि अतिरिक्त रूप से देय होगी। सभी प्रकार के करों को जमा करवाने की जिम्मेदारी निविदादाता की ही होगी। निविदादाता द्वारा गतमाह में जमा कराये गये वस्तु एवं सेवाकर (GST) के चालान की प्रति आगामी माह के बिल के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी। वस्तु एवं सेवाकर (GST) की राशि जमा कराने के प्रमाणस्वरूप चालान की प्रति प्रस्तुत नहीं किये जाने पर आगामी माह के बिल में वस्तु एवं सेवाकर (GST) का भुगतान नहीं किया जायेगा। उक्त स्थिति में वस्तु एवं सेवाकर (GST) के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के दायित्वों के निर्वहन का उत्तरदायित्व निविदादाता का होगा।
29. श्रम विधि अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों व अधिसूचनाओं तथा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों की पालना करने का दायित्व निविदादाता का ही होगा। श्रम विधि के अन्तर्गत निर्धारित नियमों, उपनियमों, अधिसूचनाओं, दिशा–निर्देशों आदि की पालना नहीं करने की स्थिति में उसके परिणामों/दायित्वों के लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा।
30. यदि निविदादाता एवं कार्य पर लगाये गए श्रमिकों के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी प्रबन्धकीय जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। इसके लिए बोर्ड का सक्षम प्राधिकारी न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 एवं राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 का उचित प्रकार से तथा निष्ठापूर्वक पालन करने के लिए उत्तरदायी होगा।
31. नियोजित श्रमिकों को 240 दिवस पूर्ण कर लिये जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1974 में विहित प्रावधानों के अनुसार श्रम नियोजित श्रमिकों को हटाने, कार्यमुक्त करने, नोटिस वेतन, छंटनी, मुआवजा आदि देने का समस्त उत्तरदायित्व संवेदक का होगा।
32. कार्य सम्पादन अवधि के दौरान कार्य के संबंध/संदर्भ में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या मुआवजा देने/ई.एस.आई करवाने/सामूहिक दुर्घटना बीमा कराने इत्यादि की जिम्मेदारी एवं दायित्व निविदादाता का होगा, इसके लिए बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
33. यदि निविदादाता द्वारा नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं किये जाने की शिकायत बोर्ड को प्राप्त होती है तो बोर्ड इस संबंध में श्रम विभाग को अनिवार्य रूप से सूचित करेगा और नियमानुसार आवश्यक होने की स्थिति में निविदादाता को Debar कराने की कार्यवाही करेगा।
34. बोर्ड द्वारा निविदादाता को कार्यादेश जारी करने के पश्चात कार्यादेश की प्रति श्रम विभाग मुख्यालय एवं श्रम विभाग को संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जायेगी।
35. कर्मकारों की उपस्थिति (आने व जाने की) अनुबंधित फर्म द्वारा संबंधित जॉब कार्य के प्रभारी/केयर टेकर के समक्ष करवाई जानी होगी। अनुबंधित फर्म इसके समस्त रिकॉर्ड को सुरक्षित रखेगा एवं बोर्ड प्रशासन द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करेगा।
